# आकाशवाणी भोपाल
# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 17.10.2024** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- भोपाल में मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव–2024 की हुई शुरूआत, 600 कंपनियां हो रही हैं शामिल।
- भोपाल–कानपुर ईकानामिक कॉरीडोर बनेगा फोरलेन, केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने की घोषणा।
- सरकार ने रेलगाडियों में अग्रिम आरक्षण की समयसीमा को 120 दिन से घटाकर की 60 दिन किया, एक नवंबर से होगी लागू।
- भारत–न्यूजीलैण्ड टैस्ट मैच में भारत 46 रनों पर सिमटा, न्यूजीलैण्ड ने बनाये 3 विकेट पर 180 रन।

**माइनिंग कॉन्क्लेव 2024**

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आज 'मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव-2024' की शुरुआत हुई। खनन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और आधुनिकतम तकनीकों का समावेश कर राज्य की खनिज संपदा का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में देश भर के माइनिंग सेक्टर के निवेशक और दूसरे राज्यों के खनिज विभाग के अधिकारी शामिल हुए हैं। इस कॉन्क्लेव में देश-विदेश की करीब 600 कंपनियां शामिल हो रही हैं उद्घाटन सत्र में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि हीरा उत्पादन में नंबर वन होने के साथ ही कॉपर, मैंगनीज ,रॉक फॉस्फेट और कोयले के मामले में भी प्रदेश समृद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश खनिज ब्लॉक नीलामी में देश में पहले स्थान पर है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रतियोगिता में भाग लेने से नया जोश और मनोबल तो मिलता ही है, साथ ही अपने और दूसरों के प्रदर्शन के अनुभव से कौशल का नया स्तर प्राप्त होता है। राज्यपाल आज केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में आयोजित अखिल भारतीय क्रीड़ा, सांस्कृतिक, शैक्षिक स्पर्धा, युवा महोत्सव 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित विशिष्ट ग्रंथों, “सर्वसमावेशी शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में महर्षि दयानन्द सरस्वती” और “भारतीय ज्ञान परम्परा शिक्षक शिक्षा” का लोकार्पण किया।

**रेलवे - आरक्षण**

सरकार ने रेलगाडियों में अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा को 120 दिन से घटाकर 60 दिन करने का फैसला किया है। रेल मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा है कि नया नियम अगले महीने की पहली तारीख से लागू होगा, हालांकि, इस महीने की 31 तारीख तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। मंत्रालय ने कहा है कि विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिन की सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**सड़क विकास**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने प्रदेश को नई सौगात देते हुए भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने के लिए भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, सताईघाट से कैमाहा पैकेजों के लिए 3 हजार 589.4 करोड़ रुपए की परियोजना को स्वीकृति दी है। केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने अपने संदेश में कहा कि इन परियोजनाओं का कनेक्टिविटी बढ़ाने, यात्रा के समय को कम करने, सड़क सुरक्षा को उन्नत करने और क्षेत्र के आर्थिक विकास में तेजी लाने के माध्यम से क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को 'विकासपथ' की ये अमूल्य सौगात देने के लिए श्री गडकरी का अभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेडेशन से इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

**बिहार-हुच**

बिहार के सीवान और सारण जिले में जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या 25 हो गई है। मद्यनिषेध और उत्पाद मंत्री रत्नेश सादा ने कहा कि संदिग्ध जहरीली शराब पीने से पिछले 24 घंटे में सीवान में 20 लोगों की और सारण में पांच लोगों की मौत हो गई है। घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है।

**मांडविया -खेल विधेयक**

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि **राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2024** का मसौदा, देश में मजबूत और पारदर्शी खेल प्रशासन संरचना स्थापित करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। इस पर विचार-विमर्श के लिए आज नई दिल्ली में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य एथलीट-केंद्रित संघों को सशक्त बनाना, सुरक्षित खेल नीति पेश करना और एक अपीलीय खेल न्यायाधिकरण की स्थापना करना है।

**एनडीए मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन- एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का सम्मेलन आज चंडीगढ़ में हुआ । इसमें भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह उपस्थित रहे। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए।

**पीएचडी**

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी के शोधार्थियों को पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इसके अनुसार सत्र 2024-25 के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी के शोधार्थी, पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर 2024 तक आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाईट www.highereducation.mp.gov.in पर नवीन निर्देश के अंतर्गत उपलब्ध है।

**पर्यावरण नियोजन**

पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन मध्यप्रदेश (एप्को) ने डब्ल्यूआरआई इंडिया के तकनीकी सहयोग से "मध्यप्रदेश की दीर्घकालिक न्यून उत्सर्जन विकास रणनीति" निर्मित करने के लिये परियोजना शुरू की है। यह रणनीति वर्ष 2026 तक तैयार की जाएगी। एप्को और डब्ल्यूआरआई इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यशाला कल भोपाल में होगी। इसमें वरिष्ठ शासकीय अधिकारी, विषय विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता व अकादमिक संस्थाएं कार्यशाला में आमंत्रित किये गये है, जो मध्यप्रदेश में डीकार्बोनाइजेशन की चुनौतियों से संबंधित क्षेत्रों, वित्तीय और तकनीकी चुनौतियों/बाधाओं और भारत के 2030 तक और 2070 तक के नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों में योगदान करने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे

सैनी–शपथ

नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ 13 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। पंचकुला में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केन्द्रीय मंत्रियों ने हिस्सा लिया। नायब सिंह सैनी दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।

सौर ऊर्जा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश अपनी विशेष पहचान बना रहा है। गाँधी नगर में आयोजित चौथे ग्लोबल मीट रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट में उद्योगपतियों ने प्रदेश में अपने प्रोजेक्ट लगाने में रुचि दिखाई है। प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में काम करते हुए "लंग्स ऑफ इन्क्रेडिबल इण्डिया" बनने के विज़न की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट तैयार हो रहा है। रीवा का 1590 हेक्टेयर में स्थापित सोलर प्रोजेक्ट विश्व के सबसे बड़े सिंगल साइड सोलर प्लांट में से एक है।

क्रिकेट

भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच बैंगलोर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज भारत की पारी मात्र 46 रनों पर सिमट गई। रिषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाये। पांच खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए। न्यूजीलैण्ड की ओर से मैट हेनरी ने पांच विकेट लिये। आज का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैण्ड ने अपनी पहली में 3 विकेट पर 180 रन बना लिये हैं।

समाचार संक्षेप

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन की निकिता पोरवाल को "फेमिना मिस इंडिया-2024" का खिताब जीतने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निकिता "मिस वर्ल्ड पेजेंट" में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का मान बढ़ाएं यही कामना है।
- इंदौर संभाग में गत खरीफ की समीक्षा और आगामी रबी मौसम की तैयारियों के संबंध में संभागीय समीक्षा बैठक **अपर मुख्य सचिव एवं** कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान की अध्यक्षता में आज आयोजित की गई बैठक में योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की जिलेवार समीक्षा की गई।
- खंडवा में देश की सबसे बड़ी ओम्कारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना तथा विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं में से एक है। इसका आज प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण मध्यप्रदेश को विश्वपटल पर नवाचार एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में स्थापित करेगा।
- 35 वां अखिल भारतीय एथलीट खेलकूद समारोह का आयोजन 23 से सतना में किया जा रहा है समारोह 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक होगा जिसमे देशभर के 1500 प्रतिभागी हिस्सा लेगे